>

Title: Need to take measures to protect school children falling victim to sunstroke.

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाना चाहूंगा, यह अति लोक महत्व का प्रश्न है। आज पूरे देश में भयानक लू और गर्मी है। कल टेलीविजन में कानपुर और इलाहाबाद में करीब 44 डिग्री सेंटीग्रेट टेम्परेचर था। प्राइमरी, नर्सरी और जुनियर हाई स्कूल में पढ़ने वाले जो बच्चे हैं, उनकी छुट्टी का समय 12 या एक बजे के करीब होता है। वे जब घर वापस लौटते हैं तो उस समय भयानक लू होती है और भयानक लू की चपेट से बहुत से बच्चे बीमार हुए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: इसे देखना स्टेट का काम है, सेंटर का काम नहीं है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में यह लाना चाहूंगा, क्योंकि यह पूरे देश की समस्या है। मेरा कहना है कि जहां ज्यादा गर्मी है या तो वहां के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाए,...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Gentleman, that is a State matter. What will the Centre do?

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, इसमें मेरा निवेदन है कि जहां ज्यादा गर्मी होती है, या तो वहां के स्कूलों में उन दिनों छुट्टियां कर दी जाएं।

उपाध्यक्ष महोदय, यह स्टेट मेटर है, फिर भी आप इंगित तो कर सकते हैं, उन्हें कह सकते हैं।... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. P.C. Thomas, you can raise only one matter.